# हिन्दी प्रादेशिक समाचार
# आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 1 सितंबर 2026, समय 18:10 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम बताया।
- हरियाणा विधानसभा में गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित 'गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान' के संबंध में सरकारी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।
- हरियाणा सरकार ने सभी विभागों, बोर्ड, निगमों और प्राधिकरणों को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सार्वजनिक की जाने वाली सूचनाओं को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया।
- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा - कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के सौंदर्यीकरण का काम सरकार की प्राथमिकता - प्रक्रिया शुरू।
- देश में प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सुरक्षित भंडार से बाजार में प्याज भेजना शुरू किया।

*****************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि को देशवासियों की मेहनत और सामूहिक संकल्प का परिणाम बताया है। आज सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता जैसी चुनौतियों के बावजूद भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

देशवासियों को मैं बधाई देता हूं, उनके संकल्प शक्ति के लिए, उनके पुरूषार्थ के लिए, एक सामूहिक शक्ति का प्रतिबिंब है। दुनिया युद्ध में डुबी हुई है। चारों तरफ युद्ध की खबरें आ रही हैं। विश्व संकटों से घिरा हुआ है। सप्लाई चेन बुरी तरह से डिस्टर्ब है। 2020 में कोविड काल से लेकर अब तक कहीं पर भी स्थिरता नजर नहीं आ रही। उसके बावजूद भी भारत तेज गति से प्रगति कर रहा है।

*****************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी में 7 दशमलव 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। नई दिल्ली में मीडिया को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि वैश्विक संकटों, संघर्षों और आर्थिक चुनौतियों के बीच ये आंकड़े दर्शाते हैं कि बाकी दुनिया के मुकाबले भारत किस स्थान पर है।

उन्होंने लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत अर्थव्यवस्था बताने वाले उनके बयान को लेकर निशाना साधा। श्री प्रसाद ने आरोप लगाया कि श्री गांधी को आर्थिक प्रबंधन और आर्थिक विकास की समझ नहीं है।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा विधानसभा में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित देशव्यापी 'गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान' के संबंध में सरकारी प्रस्ताव पेश किया और सदन ने इस अभियान को गरिमापूर्ण ढंग से मनाने का प्रण लेते हुए सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया।

मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि गत 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर शुरू हुआ यह अभियान अगले वर्ष 20 फरवरी, तक चलेगा। उन्होंने कहा कि समरसता यात्रा 5 अक्तूबर को हरियाणा में पहुंचेगी और 5 नवंबर, 2026 तक चलेगी। यात्रा के स्वागत के लिए इसके मार्ग में पूरे प्रदेश में प्रवेश द्वार और स्वागत स्थल तैयार किए जाएंगे तथा जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त, 26 नवंबर से 15 जनवरी तक छात्रावासों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और कोचिंग केंद्रों में विशेष संवाद आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र के उमरी में 5 एकड़ भूमि पर बन रहे भव्य गुरु रविदास धाम में संत रविदास जी की 125 फुट ऊंची प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी। उन्होंने विधानसभा के सभी सदस्यों से श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इस यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने का अनुरोध किया।

***************************************************************************

हरियाणा सरकार ने सभी विभागों, बोर्ड, निगमों, प्राधिकरणों तथा अन्य सार्वजनिक प्राधिकरणों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 के तहत सार्वजनिक की जाने वाली सूचनाओं को अपनी आधिकारिक वेबसाइटों पर अपलोड करने और आमजन के लिए आसानी से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा ये निर्देश हरियाणा राज्य सूचना आयोग द्वारा 22 जून को सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा 18(2) के तहत एक शिकायत में दिए गए आदेश के अनुपालन में जारी किए गए हैं।

मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक प्राधिकरणों को लोक सूचना अधिकारियों की जानकारी सहित अधिनियम के तहत निर्धारित अन्य सभी सूचनाएं वेबसाइट पर उपलब्ध करानी होंगी।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है की कुरुक्षेत्र में ब्रह्मसरोवर के सौंदर्यीकरण का काम सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री ने सदन में थानेसर से विधायक अशोक कुमार अरोड़ा द्वारा पूछे गए प्रश्न का शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल द्वारा उत्तर दिए जाने के बाद कहा कि समूचे कुरुक्षेत्र का विकास और सौंदर्यकर्ण किया जा रहा है।

इससे पहले श्री विपुल गोयल ने सदन को बताया कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा ब्रह्म सरोवर की पूर्वी दिशा के पास स्थित मेला क्षेत्र की भूमि के समुचित विकास हेतु एक व्यापक विकास योजना तैयार करवाई जानी प्रस्तावित है। मेला क्षेत्र के समग्र विकास के साथ-साथ कुरुक्षेत्र के सौंदर्यीकरण, आधारभूत एवं ढांचागत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा अन्य विकास कार्यों के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सौजन्य से ब्रह्मसरोवर की पूर्वी दिशा पर समय-समय पर लगभग 100 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

*************************************************************************

देश में प्याज की बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने सुरक्षित भंडार से प्याज बाजार में भेजना शुरू कर दिया है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए 'कांदा एक्सप्रेस' मालगाड़ियों और ट्रकों के जरिए देश के प्रमुख शहरों में प्याज की सुनियोजित आपूर्ति की जा रही है।

मंत्रालय ने बताया कि नासिक से भेजी गई पहली कांदा एक्सप्रेस 450 मीट्रिक टन प्याज लेकर दिल्ली पहुंच चुकी है, जिसे दिल्ली-एनसीआर, वाराणसी, लखनऊ, चंडीगढ़ और अमृतसर में वितरित किया गया है। इसके अलावा, सड़क मार्ग से भी लगभग एक हजार मीट्रिक टन प्याज प्रमुख बाजारों में भेजा जा रहा है।

*************************************************************************

भिवानी के भीम स्टेडियम में कल से 15 सितंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित की जाएगी। अम्बाला सेना भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल बीआर शेखावत ने कहा कि भर्ती रैली में उम्मीदवारों का प्रवेश प्रतिदिन सुबह 4 बजे से किया जाएगा। कर्नल शेखावत ने बताया कि

अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती कार्यालय, चरखी दादरी द्वारा महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, चरखी दादरी और भिवानी जिलों के ऑनलाइन परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 7 हजार 138 उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षण के लिए प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं।

**********************************************************************

हरियाणा के 118 राजकीय प्राथमिक, मिडल और सीनियर सेकेंडरी स्कूलों के बेहतरीन भवन बनाए जाएंगे। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने आज हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में एक प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसके लिए 200 करोड रुपए का बजट रखा गया है।

उन्होंने बताया कि सरकार ने सर्वेक्षण करवाया था, जिन 118 स्कूलों के भवन नहीं थे, उन्हीं स्कूलों में आधुनिक भवन बनवाए जाएंगे।

**********************************************************************

पलवल में केएमपी एक्सप्रेसवे पर आज सुबह गांव महेशपुर के निकट तेज रफ़्तार पिकअप गाड़ी ने सड़क पर खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी जिसमें 6 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 9 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए पलवल के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

**********************************************************************

केंद्रीय गोबरधन योजना आज से प्रभावी हो गई है। यह योजना 23 हजार 731 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय की है। भारत में संपीड़ित बायोगैस के उत्पादन और उपयोग को बढ़ाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना 2035-36 तक लागू रहेगी। संपीड़ित बायोगैस भारत के भविष्य के ऊर्जा मिश्रण का एक प्रमुख स्तंभ बनाएगी। इस योजना का उद्देश्य घरेलू संपीड़ित बायोगैस उत्पादन को लगभग दस गुना बढ़ाना है। यह बड़े पैमाने पर निजी निवेश को आकर्षित करेगी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने की 6 तारीख को इस योजना को मंजूरी दी थी।

**********************************************************************